भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1002**

उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

# केरल के टियर-2/3 शहरों में खेल अवसंरचना

**†1002. श्री के. सी. वेणुगोपाल :**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान केरल राज्य में 'खेलो इंडिया' कार्यक्रम के अंतर्गत खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों के विकास के लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या सरकार ने केरल के टियर-2 और टियर-3 शहरों में खेल अवसंरचना में सुधार के लिए कोई कदम उठाए हैं; और

(ग) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) इस मंत्रालय में धनराशि स्कीम-वार आवंटित की जाती है, न कि राज्य-वार। पिछले पांच वर्षों और चालू वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के तहत आवंटित धनराशि का विवरण निम्नानुसार है:

(करोड़ रु.)

| क्रम. सं. | वित्तीय वर्ष | आवंटित धनराशि (संशोधित अनुमान) |
|---|---|---|
| 1. | 2019-20 | 578.00 |
| 2. | 2020-21 | 328.77 |
| 3. | 2021-22 | 869.00 |
| 4. | 2022-23 | 600.00 |
| 5. | 2023-24 | 880.00 |
| 6. | 2024-25 | 800.00 |

(ख) और (ग) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना के विकास सहित खेलों के संवर्धन की जिम्मेदारी मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों की है। केंद्र सरकार उनके

प्रयासों में सहायता करती है। तथापि, खेलो इंडिया स्कीम के "खेल अवसंरचना का निर्माण और उन्नयन" घटक के अंतर्गत यह मंत्रालय खेल परिसर, सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक, सिंथेटिक हॉकी मैदान, सिंथेटिक टर्फ फुटबॉल मैदान, बहुउद्देशीय हॉल, स्विमिंग पूल, आदि के साथ-साथ खेल उपकरण जैसी बुनियादी खेल अवसंरचना के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के अंतर्गत, सरकार केरल राज्य के टियर-2 और टियर-3 शहरों सहित देशभर में खेल सुविधाओं के निर्माण और उन्नयन के लिए विभिन्न संस्थानों और व्यक्तियों की सहायता करती है।

केरल राज्य सहित देश भर में खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के अंतर्गत स्वीकृत खेल अवसंरचना का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****